कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, कासगंज वन प्रभाग, कासगंज

पत्रांक 8271 दिनांक, कासगंज, दिसम्बर, 30.12, 2016

सेवा में,

वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त,
अलीगढ़

विषयः जनपद एटा व कासगंज में लोक निर्माण विभाग द्वारा एटा–कासगंज मार्ग एवं बरेली मथुरा मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु निर्माण के प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

संदर्भः प्रस्ताव संख्या FU/UP/ROAD/21109/2016 एटा–कासगंज मार्ग एवं बरेली–मथुरा मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण।

महोदय,

उपरोक्त विषांकित सन्दर्भित प्रस्ताव में एटा जनपद में एटा–कासगंज मार्ग के किमी0 0.00 से 20.00 तक का भाग है। कासगंज जनपद में एटा कासगंजं के किमी0 21 से 24.3 तक भाग है तथा कासगंज मुख्यालय को जोड़ने हेतु इसके आगे बरेली–मथुरा मार्ग के किमी0 145 से 161.5 तक का भाग प्रभावित है इस परियोजना में एटा प्रभाग की 22.80 हे0 तथा बाधक 2435 वृक्ष व कासगंजं प्रभाग की 24.008 हे0 तथा बाधक 3234 वृक्ष कुल 46.808 हे0 संरक्षित वन भूमि प्रभावित तथा 5669 वृक्ष बाधक हैं। संरक्षित वन भूमि में गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, एटा व कासगंज के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

प्रस्तावों में एटा में 22.80 हे0 तथा कासगंज वन प्रभाग 24.008 हे0 कुल 46.808 हे0 प्रभावित वन भूमि के बदले दुगुने क्षेत्र में (एटा में 45.60 हे0 तथा कासगंज में 48.016 हे0) कुल 93.616 हे0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण कराने हेतु हाथरस वन प्रभाग की आरक्षित वन भूमि 30 हे0 व आगरा वन प्रभाग की 63.616 हे0 हेतु के0एम0एल0 फाइल वित्तीय प्राक्कलन व जिओ0 रिफ्रेंस शीट व भूमि उपयुक्ता प्रमाण पत्र प्राप्त हुये हैं जिन्हें ऑन लाईन अपलोड कर एटा व कासगंज वन प्रभाग के प्रस्ताव 4–4 प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सुरीत कुमार सक्सेना)
प्रभागीय वनाधिकारी
कासगंज वन प्रभाग,
कासगंज।

पत्रांक / समदिनांकित।

प्रतिलिपि निम्न अधिकारियों को सूचनार्थ एवं उचित कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, एटा।
2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय लोक निर्माण विभाग, एटा व कासगंज।

(सुरीत कुमार सक्सेना)
प्रभागीय वनाधिकारी
कासगंज वन प्रभाग,
कासगंज।